**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 30.01.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

- **संसद का बजट सत्र कल इकतीस जनवरी से शुरू हो रहा है—कल राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा।**
- **नगरीय निकाय चुनाव के तहत कल नाम वापस लेने का अंतिम दिन— धमतरी से कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी विजय गोलछा का नामांकन निरस्त किया गया।**
- **उत्तराखंड में चल रहे राष्ट्रीय खेलों में छत्तीसगढ़ ने आज कुल तीन स्वर्ण पदक हासिल किए।**
- **नारायणपुर जिले में सुरक्षा बलों ने तीन माओवादियों को गिरफ्तार किया है।**

**संसद—सर्वदलीय बैठक**

संसद का बजट सत्र कल इकतीस जनवरी से शुरू हो रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बजट सत्र के पहले दिन कल संसद के दोनों सदनों को संयुक्त रूप से संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा। शनिवार एक फरवरी को केंद्रीय बजट पेश किया जाएगा।

**निकाय चुनाव—नामांकन**

प्रदेश में हो रहे नगरीय निकाय चुनाव के तहत कल इकतीस जनवरी नाम वापस लेने का अंतिम दिन है। इससे पहले, कल नामांकन पत्रों की जांच की गई। प्रदेशभर में महापौर पद के लिए एक सौ नौ नामांकन प्राप्त हुए थे, जिनमें से दो निरस्त किए गए, एक सौ सात वैद्य पाए गए हैं। वहीं, अध्यक्ष पद के लिए सात सौ पचासी नामांकन में से जांच में अट्ठारह नामांकन रद्द किए गए और सात सौ पैंसठ वैध पाए गए हैं। इसी तरह, पार्षद पद के लिए जमा किए गए दस हजार आठ सौ छह नामांकन पत्रों में से उनहत्तर नामांकन निरस्त किए गए हैं और दस हजार सात सौ सैंतीस नामांकन वैध पाए गए हैं।

**महापौर प्रत्याशी—नामांकन निरस्त**

धमतरी नगर निगम में कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी विजय गोलछा का नामांकन निरस्त कर दिया गया है। कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी ने आपत्ति जताते हुए आरोप लगाया था कि विजय गोलछा नगर निगम में ठेकेदार के तौर पर काम कर रहे हैं और उन्होंने यह जानकारी छिपाई है। धमतरी की रिटर्निंग अधिकारी इंदिरा देहारी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के आपत्ति के बाद आज हुई सुनवाई के पश्चात विजय गोलछा का नामांकन निरस्त कर दिया गया है।

इसके अलावा सूरजपुर जिले की विश्रामपुर नगर पंचायत से कांग्रेस की अध्यक्ष पद की प्रत्याशी नीलम यादव का नामांकन भी रद्द कर दिया गया है। इस बीच, दुर्ग नगर निगम में वार्ड—इक्कीस से कांग्रेस प्रत्याशी मीरा सिंह ने आज अपना नाम वापस ले लिया। इसके बाद भाजपा प्रत्याशी विद्यावती सिंह निर्विरोध निर्वाचित हो गई हैं।

वहीं, सक्ती जिले में टिकट नहीं मिलने से नाराज कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष तथा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है।

**राज्यपाल—दंतेवाड़ा/जगदलपुर**

राज्यपाल रमन डेका ने अपने एकदिवसीय जगदलपुर प्रवास के दौरान आज कलेक्टोरेट परिसर में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में राज्यपाल ने कहा कि नई पीढ़ी की सोच और आइडिया को जिले में नवाचार की गतिविधियों में उपयोग किया जा सकता है, ताकि विकास की गतिविधियों में उनका योगदान हो। राज्यपाल ने जगदलपुर कलेक्टर कार्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत रुद्राक्ष के पौधे का रोपण किया।

अपने प्रवास के दौरान राज्यपाल ने दंतेवाड़ा में वन विभाग द्वारा निर्मित वन मंदिर वाटिका का भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंने ''कदम' के पौधे का रोपण किया और वन मंदिर वाटिका में पर्यटन तथा पर्यावरण की दृष्टि से की गई पहल की प्रशंसा की। इस दौरान राज्यपाल को वनमंडल अधिकारी ने वन मंदिर की संरचना और उसके महत्व की जानकारी दी।

**अजय सिंह–सरगुजा**

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले तैयारियों की जायजा लेने एकदिवसीय प्रवास पर आज सरगुजा पहुंचे। इस दौरान श्री सिंह ने शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी सहित अन्य सभी मूलभूत आवश्यकताओं को समय से पहले सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मतदान दलों के प्रशिक्षण का भी अवलोकन किया और मास्टर ट्रेनर्स को मतदान प्रक्रिया के सभी पहलुओं से अवगत कराने को कहा। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि इस बार नगरीय निकाय चुनाव में ईव्हीएम के माध्यम से मतदान होगा, इसलिए मतदाताओं को इस बारे में हरसंभव उपाय अपनाकर जागरूक किया जाए।

**बजट–पूर्व अपेक्षा**

केंद्रीय बजट आगामी एक फरवरी को पेश किया जाएगा। इस बजट से समाज के विभिन्न वर्गों को काफी अपेक्षाएं हैं। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए जांजगीर–चांपा जिले के प्रगतिशील किसान और बहेराडीह में स्थित किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने कहा कि कृषि यंत्र और कीटनाशक दवाओं की जीएसटी को कम किया जाना चाहिए।

**उत्तराखंड–राष्ट्रीय खेल**

उत्तराखंड में चल रहे अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में छत्तीसगढ़ ने आज कुल तीन स्वर्ण पदक हासिल किए हैं। इनमें से दो वेटलिफ्टिंग में और एक कलरी पायट्टू में जीता है। छत्तीसगढ़ दल के प्रमुख साहीराम जाखड़ ने आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए बताया कि अब तक छत्तीसगढ़ विभिन्न स्पर्धाओं में चार स्वर्ण पदक और तीन कांस्य पदक जीत चुका है।

**महात्मा गांधी–पुण्यतिथि**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की सतहत्तरवीं पुण्यतिथि पर आज सुबह नई दिल्ली में राजघाट स्थित गांधीजी की समाधि पर सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि महात्मा गांधी के आदर्श देशवासियों को विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस पर स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले वीर शहीदों को आज रायपुर स्थित राजभवन में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई।

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

रायपुर स्थित आकाशवाणी केन्द्र में भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस पर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई।

राज्य के अन्य केंद्रीय और राज्य सरकार के शासकीय कार्यालयों में भी शहीद दिवस पर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

**कार्यशाला**

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 'गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए एक रोडमैप' विषय पर रायपुर में दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि विश्वविद्यालयों में अनुसंधान गतिविधियों को प्रोत्साहित करने से ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

**माओवादी गिरफ्तार**

नारायणपुर जिले में सुरक्षा बलों ने तीन माओवादियों को गिरफ्तार किया है। इन माओवादियों पर पिछले साल सत्रह अक्टूबर को कोडलियार के जंगलों में सुरक्षा बलों पर आईईडी विस्फोट कर फायरिंग की घटना में शामिल रहने का आरोप है। इस घटना में आईटीबीपी के दो जवान मारे गए थे। वहीं, दो अन्य जवान घायल हुए थे। इन माओवादियों को सुरक्षा बलों ने कोहकामेटा थाना क्षेत्र के कोडिलयार के जंगल में घेराबंदी कर पकड़ा है। गिरफ्तार माओवादियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

**ठगी–आरोपी गिरफ्तार**

राज्य लोक सेवा आयोग–सीजीपीएससी घोटाला मामले में जेल में बंद पीएससी के पूर्व अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी के साले देवेंद्र जोशी और उसकी पत्नी झंगीता जोशी को रायपुर की सिविल लाईन थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इन दोनों पर नौकरी लगाने के नाम पर नौ लोगों से करीब डेढ़ करोड़ रूपये की ठगी करने का आरोप है। ये दोनों आरोपी खुद को बड़े अधिकारियों के परिचित बताकर पीड़ितों को विशेष अनुशंसा के तहत फूड इंस्पेक्टर, लेक्चरर और पटवारी के पद पर नौकरी दिलवाने का लालच देते थे। ये लोग पैसा लेने के बाद लोगों को फर्जी नियुक्ति पत्र सौंप देते थे।

**प्रोफेसर हमला–थाना प्रभारी एफआईआर**

भिलाई में प्रोफेसर विनोद शर्मा पर हुए जानलेवा हमले के मामले में मुख्य आरोपी की पत्नी को अकारण गिरफ्तार करने और करीब पंद्रह घंटे तक पूछताछ करने के मामले में न्यायालय ने संबंधित दो थाना प्रभारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। इस मामले के मुख्य आरोपी प्रोबीर शर्मा की पत्नी डॉक्टर पूर्णिमा शर्मा ने न्यायालय में एक याचिका दायर कर आरोप लगाया कि पुलिस ने उन्हें बिना कारण गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की। गौरतलब है कि इस मामले में पुलिस अब तक आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

**तोता–बरामद**

गरियाबंद में तोते की तस्करी करने के मामले में वन विभाग ने एक व्यक्ति को छब्बीस नग तोते के साथ पकड़ा है। पकड़ा गया आरोपी गंगा सिह बघेल गरियाबंद निवासी है। तोते को बेचने की फिराक में आरोपी छुरा से रायपुर जा रहा था। इस बीच, दिल्ली के अधिकारियों से वन विभाग को आरोपी द्वारा तोता बेचने की सूचना मिली, जिसके बाद वन विभाग के अधिकारी खरीदार के रूप में पहुंचे और कार्रवाई की।

**कोरबा डकैती–आरोपी गिरफ्तार**

कोरबा पुलिस ने एसईसीएल राजगामार में हुई डकैती के मामले में सोलह आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि छह आरोपी अभी भी फरार बताए जाते हैं। पुलिस के अनुसार, इन आरोपियों ने एसईसीएल के एक सुरक्षा गार्ड को बंधक बनाकर डकैती की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से डेढ़ क्विंटल केबल वायर, अस्सी किलो तांबा, कांस्य से बने बर्तन और मोबाइल बरामद किए हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>